दिनांक-31दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत इस वर्ष के अंतिम दिनांक तक के लिए प्रदाय किए गए लक्ष्य को भिलाई निगम ने किया पार

भिलाई नगर/ राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बीएलसी घटक (मोर जमीन मोर मकान) के तहत प्रगति रत आवासों को पूर्ण करने के लिए जुलाई माह में दिनांक 31 दिसंबर 2019 तक के लिए निकायवार लक्ष्य प्रदान किया था जिसमें से भिलाई को 2004 आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था जिस निर्धारित लक्ष्य को महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में प्रदाय लक्ष्य 2004 के विरुद्ध 2040 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है, जोकि निगम भिलाई की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा सकती है! बता दें कि 5067 कुल स्वीकृत डीपीआर है! सूडा द्वारा प्रगतिरत आवासों को माह दिसंबर 2019 तक पूर्ण किए जाने लक्ष्य प्रदाय किया था जिसमें जियोटैगिंग को अनिवार्य किया गया है! 18 जुलाई 2019 तक निगम भिलाई क्षेत्र में 1017 आवास पूर्ण हो गए थे अब 1023 आवास और पूर्ण कर लिए गए है! जोन क्रमांक एक में कुल 609, जोन क्रमांक 2 में 437, जोन क्रमांक 3 में 245, जोन क्रमांक 4 में 518 तथा अन्य जोन में 231 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं! निगम आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों के लिए लगातार समीक्षा बैठक ली जाती रही है

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी